आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 18.02.2026 समय : 02.10

प्रधानमंत्री - द्विपक्षीय बैठकें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-स्पेन साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि दोनों नेताओं ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, सहित डिजिटल क्षेत्र, नवाचार, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा आदि पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों के लिए स्पेन के निरंतर समर्थन की सराहना की।

विधानसभा-बजट-1

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज **मध्यप्रदेश विधानसभा** में सरकार का **4 लाख 38 हजार 317 करोड़** का बजट पेश किया। आज पेश हुआ यह बजट प्रधानमंत्री के **'विकसित भारत'** के सपने को धरातल पर उतारने और प्रदेश के हर वर्ग को आर्थिक मजबूती देने के लिए तैयार किया गया है। करीब डेढ़ घंटे के भाषण में वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का संकल्प युवाओं को काम, नारी को न्याय और किसान को सम्मान देना है। श्री देवड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना अंतर्गत अब तक लगभग 4 करोड़ 61 लाख खाते खोले जा चुके हैं।

बजट की सबसे बड़ी घोषणा **लाड़ली बहनों** के लिए रही, जिनके लिए **23 हज़ार 882 करोड़** रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, प्रदेश के **15 हजार युवाओं** के लिए शिक्षक भर्ती का रास्ता साफ कर दिया गया है। स्कूली बच्चों की सेहत का ख्याल रखते हुए कक्षा 8वीं तक के बच्चों को फ्री टेट्रा पैक दूध देने की नई पहल की गई है। श्री देवड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत बसों का संचालन शीघ्र शुरू किया जाएगा।

विधानसभा-बजट-2

अन्नदाताओं के लिए सरकार ने **3000 करोड़** की लागत से **1 लाख सोलर पंप** और किसान कल्याण योजना के तहत सालाना **12 हजार रुपये** की मदद जारी रखने का फैसला लिया है।इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो **ग्रामीण विकास** के लिए **40 हजार करोड़** और सड़कों की

मरम्मत के लिए 12 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि आवंटित की गई है। साथ ही, आगामी **सिंहस्थ 2026-27** की भव्य तैयारियों के लिए **3 हजार 60 करोड़** का विशेष बजट रखा गया है। पुलिस व्यवस्था को हाईटेक बनाने के लिए **25 हजार टैबलेट्स** और धार्मिक पर्यटन के लिए **मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना** को भी विस्तार दिया गया है। सबसे बड़ी राहत यह है कि इस बजट में जनता पर **कोई नया टैक्स नहीं** लगाया गया है, जो इसे सही मायनों में एक विकासोन्मुखी और राहतकारी बजट बनाता है।

वैष्णव - एआई इम्पैक्ट समिट

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने **इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट** के दूसरे दिन कल भारत मंडपम में **वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर** का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर मंत्रालय की प्रमुख पहलों- वेवएक्स, वेव्स बाजार और क्रिएट इन इंडिया चैलेंजेस का रणनीतिक विस्तार है।

कूनो नेशनल पार्क

कूनो नेशनल पार्क से एक सुखद खबर सामने आई है, जहाँ दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता 'गामिनी' ने आज तीन नन्हे शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यह खुशखबरी साझा की, जिससे अब देश में चीतों का कुनबा बढ़कर 38 हो गया है।

समाचार संक्षेप में ....

- सागर में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च और पैदल गश्त का आयोजन किया गया।
- जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में कल जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई ।
- नीमच जिले की सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों ने विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित स्वरोजगार हितग्राहीमूलक योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों के अनुरूप प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभांवित किया है।
- गुना शहर के समीप कमला पेट्रोल पंप और कुशमौदा के बीच आज एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब आधा दर्जन गाड़ियों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।